# मुख्यमंत्री ने किया गाँव दमदमा में एडवेंचर पर्यटन केंद्र का शिलान्यास

## चर्चा में क्यों?

12 मार्च, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में गुरुग्राम ज़िला के गाँव दमदमा में एडवेंचर पर्यटन केंद्र का शिलान्यास किया।

## प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा पर्यटन और एयरो क्लब ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित दोदिवसीय हरियाणा एयरो स्पोर्ट्स कार्निवल का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दमदमा के सेंटर फॉर एडवेंचर टूरिज्म का ब्रोशर भी रिलीज़ किया। उन्होंने फरीदाबाद के राजकीय महाविद्यालय में इतिहास की प्राध्यापक डॉ. सुप्रिया ढांडा को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से दिये गए आउटस्टैंडिंग वीमेन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया।
- दमदमा का यह एडवेंचर पर्यटन केंद्र लगभग 19 एकड़ भूमि पर विकसित होगा, जिसके लिये हरियाणा पर्यटन विभाग ने एयरो क्लब ऑफ इंडिया के साथ समन्वय स्थापित किया है।
- अरावली की गोद में बसे गाँव दमदमा में शुरू किये जाने वाले इस एडवेंचर पर्यटन केंद्र में विभिन्न साहसिक गतिविधियों के लिये एक बुनियादी ढाँचा तैयार किया जाएगा, जिसमें कैंपिंग साइट, पैरामोटर के लिये एयर स्ट्रिप, एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियाँ, कैफेटेरिया और अन्य गतिविधियाँ शामिल की जाएंगी।
- प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। हाल ही में मोरनी के टिक्करताल में भी एडवेंचर खेलों की शुरुआत की गई थी।
- हरियाणा सरकार द्वारा बच्चों को प्रारंभ से ही खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिये प्रदेश में 1000 नर्सरी खोलने की योजना है। ये नर्सरी सरकारी व निजी विद्यालयों के अलावा खेल विभाग में स्थापित की जाएंगी, ताकि बच्चे शारीरिक व मानसिक रूप से मज़बूत होने के साथ-साथ चरित्रवान बनें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-stone-of-adventure-tourism-center-in-village-damdama